प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 22.05.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड की दो सीटों समेत देश की 24 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित; शिबू सोरेन और दीपक प्रकाश की खाली हो रही सीटों के लिए 18 जून को होगा मतदान।
2. रांची की होटवार जेल में महिला कैदी के कथित यौन शोषण मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान, डीजीपी से दो हफ्ते में मांगी रिपोर्ट।
3. झारखंड बिजली वितरण निगम का कड़ा निर्देश; अब कार्यपालक अभियंता की मंजूरी से ही दिनभर में केवल दो से तीन बार ही लिया जा सकेगा संक्षिप्त शटडाउन।
4. पाकुड़ की झीकरहट्टी पूर्वी पंचायत को मिलेगा राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार, महिला सशक्तीकरण और रोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए हुआ चयन।
5. इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में जमशेदपुर एफसी ने ओडिशा एफसी के साथ खेला गोलरहित ड्रॉ, पांचवें स्थान के साथ किया सीजन का समापन।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने बताया कि बैठक में जीवन की सुगमता और व्यापार में आसानी को बढ़ावा देने वाले दृष्टिकोणों पर चर्चा हुई। साथ ही, विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के तरीकों पर विचार–विमर्श किया गया।

****

निर्वाचन आयोग ने दस राज्यों की चौबीस राज्यसभा सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव कार्यक्रम घोषित किया है। इसमें झारखंड की दो सीटें भी शामिल हैं। अधिसूचना पहली जून को जारी होगी और मतदान अट्ठारह जून को कराया जाएगा। झारखंड के अलावा आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक की चार, राजस्थान और मध्य प्रदेश की तीन, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश तथा मिजोरम की एक–एक सीट के लिए चुनाव होगा। झारखंड की बात करें तो चुनाव आयोग की सूची के मुताबिक राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश और शिबू सोरेन का कार्यकाल 21 जून को समाप्त हो रहा है।

****

रांची की होटवार जेल में महिला कैदी के कथित यौन शोषण मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए डीजीपी से दो सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है। राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमिटी बनाई गई है, जबकि जुडिशियल इंक्वायरी भी जारी है। वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि मामले की अगली सुनवाई आठ जून को होगी।

****

झारखंड उच्च न्यायालय ने चेक बाउंस मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा है कि केवल दोस्ताना लेन–देन को कानूनी रूप से वसूले जाने योग्य कर्ज नहीं माना जा सकता, इसलिए फ्रेंडली लोन पर एनआई एक्ट लागू नहीं होता। कोर्ट ने बिना वैध अनुबंध के किए गए दो लाख रुपये के लेन–देन से जुड़ी अपील को खारिज कर दिया है।

****

झारखंड बिजली वितरण निगम ने निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बिना अनुमति फीडर शटडाउन लेने पर रोक लगा दी है। नए आदेश के अनुसार, जिला मुख्यालयों में अब केवल कार्यपालक अभियंता की अनुमति से ही शटडाउन लिया जा सकेगा। निगम ने दिन में केवल दो से तीन बार ही संक्षिप्त शटडाउन की अनुमति दी है।

****

पाकुड़ जिले के झीकरहट्टी पूर्वी पंचायत को केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के लिए चुना गया है। महिला सशक्तीकरण, रोजगार और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए इस पंचायत का चयन दीनदयाल उपाध्याय सतत विकास पुरस्कार के लिए हुआ है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बताया कि यह पंचायत जिले के अन्य पंचायतों के लिए प्रेरक बनेगा।

****

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट और एमडीआई गुड़गांव ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य सेल में भविष्य के लीडर्स तैयार करना है। इसके तहत संयुक्त रिसर्च, केस स्टडीज और कस्टमाइज्ड लीडरशिप प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे।

****

झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर सरायकेला–खरसावां के उपायुक्त नितिश कुमार सिंह ने चालियामा स्टील प्लांट और स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए स्ट्रीट लाइट, चेतावनी बोर्ड और दो नए चेक पोस्ट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

****

हजारीबाग में जिला क्रिकेट एसोसिएशन को लेकर भाजपा सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। सांसद मनीष जायसवाल ने विधायक को लक्ष्मण बताते हुए मर्यादा में रहने की सलाह दी।

वहीं, विधायक ने पलटवार करते हुए सांसद को धृतराष्ट्र की संज्ञा दी और जिला क्रिकेट एसोसिएशन पर गंभीर आरोप लगाए।

****

हजारीबाग पुलिस ने ईचाक थाना क्षेत्र के लोटवा जंगल में छापेमारी कर ब्राउन शुगर तस्करी नेटवर्क का बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से बावन ग्राम ब्राउन शुगर और सात मोबाइल बरामद किए हैं। एसपी अमन कुमार ने बताया कि आरोपी व्हाट्सऐप ग्रुप के जरिए यह काला कारोबार चला रहे थे।

****

पलामू जिले के नक्सल प्रभावित छत्तरपुर में ग्रामीणों ने आपसी एकजुटता की मिसाल पेश करते हुए एक अनाथ बेटी की शादी कराई है। पाटादोहर निवासी बरती कुमारी की शादी अर्जुन सिंह से तय कर ग्रामीणों ने इसे संपन्न कराया। इस विवाह का पूरा खर्च पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और मुखिया पूनम जायसवाल ने उठाया।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 47 हजार 800 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 75 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

इंडियन सुपर लीग फुटबॉल में जमशेदपुर एफसी ने ओडिशा एफसी के खिलाफ शून्य–शून्य से ड्रॉ खेलकर अपने फुटबॉल सीजन का समापन किया। जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए इस मुकाबले में दबदबा बनाने के बावजूद टीम गोल नहीं कर सकी। इस ड्रॉ के साथ जमशेदपुर बाइस अंकों के साथ लीग में पांचवें स्थान पर रही।

*******समाप्त***********